Comb. SO/Steno (Gr.B/Gr.I) LDCE 2016-17

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : NHYU-B-FKI**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

1000561

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्न-पत्र II

## (कार्यविधि और पद्धति, कोटि I, IV, VIII एवं IX)

# A

***समय : दो घण्टे*** | ***पूर्णांक : 150***

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. निम्नलिखित में से किस प्रकार की मंजूरी की प्रतियाँ लेखा परीक्षा अधिकारी को पृष्ठांकित की जाएंगी ?
   1. केंद्रीय सरकार कर्मचारियों को अग्रिम देने से संबंधित मंजूरी
   2. कार्यभार सौंपने/कार्यभार ग्रहण करने के लिए मंजूरी
   3. पदों के सृजन से संबंधित मंजूरी

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

2. आकस्मिक छुट्टी के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन-सा सही ***नहीं*** है ?
   1. आकस्मिक छुट्टी, छुट्टी के मान्यता प्राप्त रूपों में से एक है
   2. आकस्मिक छुट्टी किसी नियम के अधीन नहीं है
   3. आकस्मिक छुट्टी पर गए किसी सरकारी कर्मचारी को तकनीकी रूप से कार्य (ड्यूटी) से अनुपस्थित नहीं माना जाता है
   4. आकस्मिक छुट्टी की अवधि के दौरान आने वाले रविवार और अवकाशों को छुट्टी का हिस्सा माना जाएगा

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2 और 4
   (c) केवल 1 और 4
   (d) 1, 2, 3 और 4

3. निम्नलिखित में से किस प्रकार के पत्राचार में अर्ध-शासकीय पत्र का प्रयोग ***नहीं*** होता है ?
   (a) किसी संसद सदस्य और किसी केंद्र सरकार के मंत्री के बीच पत्र-व्यवहार
   (b) गैर-सरकारी पदधारियों (नॉन-ऑफिशियल) के साथ पत्र-व्यवहार
   (c) किसी अधिकारी का सदृश रैंक के दूसरे अधिकारी के साथ पत्र-व्यवहार
   (d) वित्तीय मंजूरियाँ सूचित करने के लिए

4. निम्नलिखित में से किस प्रकार के मामले में संरचित (स्ट्रक्चर्ड) और विस्तृत नोट तैयार करना अपेक्षित है ?
   (a) पुनरावृत्तिमूलक मामला
   (b) समस्या समाधानकारी मामला
   (c) नीति/योजना बनाने का मामला
   (d) अल्पकालिक मामला

5. किसी संगठन की दक्षता में सुधार संबंधी सुझाव देने और समुन्नति (इम्प्रुविंग) के लिए किसी प्रशासनिक मंत्रालय की निम्नलिखित में से कौन-सी यूनिट (एकक)/विंग (खंड) उस संगठन की संरचना, कार्यविधि और प्रक्रिया का अध्ययन करने से संबंधित है ?
   (a) स्टाफ निरीक्षण यूनिट (एस.आई.यू.)
   (b) सामान्य सुधार विंग
   (c) संगठन एवं पद्धति (ओ एंड एम)
   (d) सामान्य प्रशासन विंग

6. ऐसे अधिकारी को क्या कहते हैं जिसे विभाग के किसी तुल्य रैंक के अधिकारी की अनुपस्थिति के दौरान उस अधिकारी की जिम्मेदारियाँ सौंपी जाती हैं ?
   (a) डेस्क पदधारी (फंक्शनरी)
   (b) संबंधित अधिकारी
   (c) संपर्क अधिकारी
   (d) आश्रित अधिकारी

7. सूचना एवं सुविधा सेवा काउंटर संगठन के सेवार्थियों (क्लाइंट्स)/ग्राहकों को निम्नलिखित में से किस प्रकार की सेवाएँ प्रदान करता है ?
   1. प्रदत्त सेवाओं से संबंधित सूचना
   2. सेवा के गुणवत्ता मानकों से संबंधित सूचना
   3. लोक शिकायत निवारण तंत्र के पदानुक्रमिक ढाँचे से संबंधित सूचना

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1
   (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

1. Copies of which of the following types of sanctions will be endorsed to the Audit Officer :

1. Sanctions relating to grant of advances to Central Government employees
2. Sanctions for handing/taking over charge
3. Sanctions relating to creation of posts

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

2. Which of the following is ***not*** correct in the context of Casual leave ?

1. Casual leave is one of the recognized forms of leave
2. Casual leave is not subject to any rule
3. Technically a government servant on casual leave is not treated as absent from duty
4. Sundays and holidays falling during the period of casual leave will be treated as part of leave

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 4 only
(c) 1 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

3. In which one of the following types of correspondence is a Demi-official letter ***not*** used ?

(a) Communication between a Member of Parliament and a Minister at Centre
(b) Communication to non-officials
(c) Communication between an officer to another officer of similar rank
(d) For conveying financial sanctions

4. In which one of the following types of cases, a structured and detailed note is required to be prepared ?

(a) Repetitive case
(b) Problem solving case
(c) Policy/Planning case
(d) Ephemeral case

5. Which one of the following units/wings of an Administrative Ministry is concerned with the study of its organization structure, methods of work and procedure with a view to suggesting reforms and improving the efficiency of the organization ?

(a) Staff Inspection Unit (SIU)
(b) General Reforms Wing
(c) Organization and Methods (O&M)
(d) General Administration Wing

6. An officer who is assigned the responsibilities of another officer of comparable rank in the department during the former's absence is called :

(a) Desk functionary
(b) Dealing officer
(c) Link officer
(d) Dependant officer

7. Which of the following services are provided by the Information and Facilitation Counter to the clients/customers of the organization ?

1. Information regarding services provided
2. Information regarding the standards of quality of service
3. Information regarding hierarchical set-up of Public Grievances Redress Machinery

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

8. संलग्न और अधीनस्थ कार्यालयों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अधीनस्थ कार्यालय तकनीकी सूचना के निधान (रिपॉजिटरी) के रूप में कार्य करते हैं
2. संलग्न कार्यालय विभाग को उनके द्वारा देखे (निपटाए) जाने वाले मामले के विभिन्न पहलुओं पर परामर्श देते हैं
3. अधीनस्थ कार्यालय सामान्यतः क्षेत्र स्थापनाओं के रूप में कार्य करते हैं
4. अधीनस्थ कार्यालय संलग्न कार्यालय के निर्देशों के अधीन कार्य करेंगे

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 2 और 4
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

9. नागरिक चार्टर (अधिकार-पत्र) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) यह न्यायालय में प्रवर्तनीय है
(b) यह ऐसा लिखत है जो मंत्रालय/विभाग को पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक हितैषी बनाना चाहता है
(c) इसका आशय नागरिकों और सेवार्थियों (क्लाइंट्स) को सशक्त बनाना है ताकि वे सेवा के प्रतिबद्ध मानकों की माँग कर सकें
(d) सरकारी एजेंसियों को दूसरी सरकारी एजेंसियों से भी सेवाएँ लेने हेतु सम्मिलित किया जा सकता है

10. किसी सत्र का समेकित विधायी कार्यक्रम तैयार करने के लिए विधान संबंधी प्रस्ताव किसे भेजा जाना चाहिए ?

(a) विधि और न्याय मंत्रालय
(b) प्रधानमंत्री कार्यालय
(c) लोक सभा का अध्यक्ष
(d) संसदीय कार्य विभाग

11. अधीनस्थ विधायन समिति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 1953 में लोक सभा अध्यक्ष द्वारा पहली बार इस समिति की नियुक्ति की गई थी
2. इसमें अधिकतम 10 संसद-सदस्य होते हैं
3. इस समिति के सदस्यों की पदावधि एक वर्ष होती है
4. कोई मंत्री इस समिति का सदस्य हो सकता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1 और 3
(b) 1 और 4
(c) 2 और 3
(d) 2 और 4

12. निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त संसद में प्रश्नों की ग्राह्यता पर लागू ***नहीं*** होती है ?

(a) इसके अंतर्गत किसी भी व्यक्ति की पदीय अथवा सार्वजनिक हैसियत के सिवाय उसके चरित्र अथवा आचरण के बारे में नहीं पूछा जाएगा
(b) इसमें तुच्छ विषयों पर जानकारी नहीं माँगी जाएगी
(c) इसमें सामान्यतः 150 शब्द से अधिक नहीं होंगे
(d) इसमें कोई वक्तव्य (स्टेटमेंट) नहीं होगा

13. एकल फाइल प्रणाली (एस.एफ.एस.) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एस.एफ.एस. ऐसे मामलों में लागू होगी, जिन्हें गैर-सचिवालयी संगठन (एन.एस.ओ.) द्वारा मंजूरी अर्थात ऐसा निर्णय प्राप्त करने के लिए विभाग को भेजना पड़ता है जो उसकी प्रत्यायोजित शक्ति में न आते हों
2. एकल फाइल प्रणाली (एस.एफ.एस.) के फाइल कवर पर मूल गैर-सचिवालयी संगठन का नाम स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए और इसी तरह से यह लिखा होना चाहिए कि इसमें एकल फाइल प्रणाली का अनुपालन किया गया है
3. एस.एफ.एस. फाइल पर सर्वदा पहचान संख्या (आई.डी.संख्या) होनी चाहिए

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

8. Consider the following statements regarding Attached and Subordinate offices :

1. Subordinate offices serve as a repository of technical information
2. Attached offices advise the department on various aspects of matters dealt by them
3. Subordinate offices generally function as field establishments
4. Subordinate offices may function under the direction of an Attached office

Which of the statements given above are correct ?

(a) 2 and 4 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

9. Which one of the following statements regarding Citizen's Charter is ***not*** correct ?

(a) It is enforceable in a court of law
(b) It is an instrument which seeks to make a Ministry/Department transparent, accountable and citizen friendly
(c) It is intended to empower citizens and clients so that they can demand committed standards of service
(d) Government agencies could also be covered for availing the services from another government agency

10. Proposal for legislation enabling formulation of a consolidated legislative programme of a session should be sent to :

(a) Ministry of Law and Justice
(b) Prime Minister's Office
(c) The Speaker of the Lok Sabha
(d) Department of Parliamentary Affairs

11. Consider the following statements regarding the Committee on Subordinate Legislation :

1. It was first appointed by the Lok Sabha Speaker in 1953
2. It consists of not more than 10 members of Parliament
3. The term of office of the members of this Committee is one year
4. A Minister can be a member of this Committee

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 3
(b) 1 and 4
(c) 2 and 3
(d) 2 and 4

12. Which one of the following conditions is ***not*** applicable to the admissibility of questions in Parliament ?

(a) It shall not ask as to the character or conduct of any person except in his/her official or public capacity
(b) It shall not ask for information on trivial matters
(c) It shall not ordinarily exceed 150 words
(d) It shall not contain any statement

13. Consider the following statements regarding Single File System (SFS) :

1. SFS will apply to matters, which have to be referred by the Non-Secretariat Organization (NSO) to the department for seeking a sanction, i.e., a decision not within its delegated powers
2. The file cover of an SFS case should prominently show the name of the originating NSO and likewise indicate that it follows the SFS system
3. The SFS file should invariably bear an I.D. No.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

14. निम्नलिखित में से किन प्रयोजनों के लिए सक्षम प्राधिकारी किसी सरकारी कर्मचारी को विशेष आकस्मिक छुट्टी स्वीकृत कर सकता है ?

1. किसी कार्यदिवस में मान्यताप्राप्त रक्त बैंकों में रक्त दान के लिए
2. विभागीय पदोन्नति परीक्षाओं में बैठने के लिए
3. प्रादेशिक सेना में प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए पारगमन समय (यात्रा में लगने वाला समय)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

15. फाइलों का संदर्भ देने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. फाइल के प्रत्येक भाग के प्रत्येक पृष्ठ पर अलग-अलग श्रेणियों में पेंसिल से क्रमानुसार संख्या लिखी जाएगी
2. फाइल में पत्राचार की प्रत्येक मद पर क्रम संख्या लिखी जाएगी, चाहे वह आवती हो या निर्गम, जो प्रथम पृष्ठ पर सबसे शीर्ष मध्य भाग में लाल स्याही से स्पष्ट अक्षरों में दर्शाई जाएगी
3. जब चालू फाइल के साथ अभिलेखबद्ध फाइलें प्रस्तुत की जाती हैं तो तत्काल पहचान के लिए प्रत्येक अभिलेखबद्ध फाइल के साथ एकाधिक अक्षर पर्चियाँ लगाई जा सकती हैं
4. 'विचाराधीन कागज' (पी.यू.सी.) अथवा 'नई आवती' (एफ.आर.) की पताका लगे कागजों का संदर्भ देते समय हाशिए (मार्जिन) में इनकी पृष्ठ संख्या का उल्लेख अवश्य किया जाएगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

16. कर्मचारियों की तैनाती/स्थानांतरण से संबंधित मामलों को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सी.ए.टी.) में निम्नलिखित में से कौन देखता/निपटान करता है ?

(a) एक-सदस्यीय न्यायपीठ (बेंच)
(b) दो-सदस्यीय न्यायपीठ
(c) तीन-सदस्यीय न्यायपीठ
(d) बड़ी न्यायपीठ

17. अन्य मंत्रालयों/विभागों और अधीनस्थ कार्यालयों के साथ पत्राचार करने के लिए निम्नलिखित में से किस प्रकार के पत्र-व्यवहार का सामान्यत: प्रयोग होता है ?

(a) पत्र
(b) अर्ध-शासकीय पत्र
(c) कार्यालय ज्ञापन
(d) अंतरविभागीय टिप्पण

18. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सी.जी.एच.एस.) के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी सुविधा उपलब्ध है ?

1. एक्स-रे, प्रयोगशाला और अन्य नैदानिक सुविधाएँ
2. अंतरक्षि-लेंस (इंट्रा-ऑक्यूलर लेंस) की लागत की प्रतिपूर्ति
3. औषधियों की आपूर्ति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**14.** Special casual leave may be granted to a government servant by competent authority for which of the following purposes ?

1. Donating blood to recognized blood banks on a working day
2. Appearing for departmental promotion examinations
3. Transit time for joining training in Territorial Army

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**15.** Consider the following statements regarding referencing of files :

1. Every page in part of the file will be consecutively numbered in separate series, in pencil
2. Each item of correspondence in a file, whether receipt or issue, will be assigned a serial number which will be displayed prominently in red ink on the top middle portion of its first page
3. When recorded files are put up with the current file, multiple alphabetical slips can be attached to the individual recorded files for quick identification
4. When referring to the papers flagged 'PUC' or 'FR', the relevant page numbers will be quoted invariably in the margin

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1, 2 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

**16.** Which one of the following in the Central Administrative Tribunal (CAT) handles the cases relating to posting/transfers of employees ?

(a) A Single Member Bench
(b) A Two Member Bench
(c) A Three Member Bench
(d) A Larger Bench

**17.** Which one of the following forms of communication is generally used for the correspondence with other Ministries/Departments and Subordinate offices ?

(a) Letter
(b) Demi-Official letter
(c) Office Memorandum
(d) Inter-Departmental note

**18.** Which of the following facilities are available under CGHS ?

1. X-ray, laboratory and other diagnostic facilities
2. Reimbursement of cost of intra-ocular lens
3. Supply of medicines

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**19.** संसद के सदन में प्रस्तावित 'प्रस्तावों (मोशन)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रस्तावों को तीन व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है – मूल, प्रतिस्थानी और गौण
2. आनुषंगिक प्रस्ताव और अधिक्रमण प्रस्ताव, मूल प्रस्ताव के भाग हैं
3. माँग-राशि को कम करने के लिए कटौती-प्रस्ताव रखा जा सकता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा कटौती प्रस्ताव ***नहीं*** है ?

(a) नीतिगत कटौती का निरनुमोदन (डिसएप्रोवल)

(b) गौण कटौती

(c) आर्थिक कटौती

(d) सांकेतिक कटौती

**21.** 'संसद में प्रश्नों' से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सभा के भीतर तारांकित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दिए जाते हैं
2. अतारांकित प्रश्नों के उत्तर के संबंध में पूरक प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं
3. अल्प सूचना प्रश्न केवल मंत्री की लिखित सहमति से ही स्वीकार किए जा सकते हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**22.** 'अभिलेखों (रिकॉर्ड) के वर्गीकरण' के संदर्भ में जिन फाइलों को 25 वर्षों तक रखा जाना अपेक्षित है, उन पर निम्नलिखित में से क्या पृष्ठांकित किया जाना चाहिए ?

1. रखें और माइक्रो फिल्म बनाएं (कीप एंड माइक्रोफिल्म)
2. रखें किंतु माइक्रो फिल्म न बनाएं (कीप बट डू नॉट माइक्रोफिल्म)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**23.** 'लोक लेखा समिति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसमें अधिकतम 22 सदस्य होते हैं
2. इसका उद्देश्य सम्यक मितव्ययिता बरतने को सुनिश्चित करना है और व्यर्थ का व्यय, अपव्यय, हानि और निरर्थक व्यय के मामलों पर ध्यान आकर्षित करना है
3. इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी वित्तीय मामलों में उच्च स्तर की लोक नैतिकता बनाए रखी जाती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**24.** किसी संगठन का नागरिक चार्टर (अधिकार-पत्र) तैयार करते समय निम्नलिखित में से कौन-से मुख्य तत्त्व होते हैं ?

1. स्पष्ट सेवा मानक निर्धारित करना, मॉनीटरन करना और उनका प्रकाशन
2. सेवाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में सरल भाषा में पूर्ण और सटीक जानकारी
3. यदि कुछ गलत होता है तो, तुरंत और प्रभावी उपाय करना
4. सेवाओं के उपयोगकर्ताओं के साथ परामर्श का नियमित तंत्र

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 4

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 1, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

19. Consider the following statements regarding 'Motions' moved in the House of the Parliament :

1. Motions can be classified into three broad categories — Substantive, Substitute and Subsidiary
2. Ancillary motions and Superseding motions are parts of Substantive motions
3. A Cut Motion may be moved to reduce the amount of a demand

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

20. Which one of the following is ***not*** a Cut Motion ?

(a) Disapproval of Policy Cut
(b) Subsidiary Cut
(c) Economy Cut
(d) Token Cut

21. Consider the following statements regarding 'Questions in the Parliament' :

1. Starred questions are answered orally on the floor of the House
2. Supplementaries can also be asked in respect of answers to unstarred questions
3. Short Notice questions may only be admitted with written consent by the Minister

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

22. In the context of 'Categorization of Records', files required to be kept for at the most 25 years are endorsed as :

1. KEEP and MICROFILM
2. KEEP but DO NOT MICROFILM

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

23. Consider the following statements regarding 'Public Accounts Committee' :

1. It consists of not more than 22 members
2. Its aim is to ensure the exercise of due economy and to draw attention to cases of waste, extravagance, losses and nugatory expenditure
3. Its aim is to ensure that a high standard of public morality is maintained in all financial matters

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

24. Which of the following are the key elements while drafting the Citizen's Charter of an Organization ?

1. Setting, monitoring and publication of explicit standards of the services
2. Full and accurate information in plain language about the services and the procedure to be adopted for availing the services
3. A swift and effective remedy to be offered, if things go wrong
4. A regular system of consultation with the users of the services

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 and 4 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

25. सरकारी ड्यूटी पर अपनी कार द्वारा की जाने वाली 800 km से अधिक औसत मासिक यात्रा के लिए किसी सरकारी कर्मचारी को स्वीकार्य मासिक वाहन भत्ता कितना है ?

(a) ₹ 2000

(b) ₹ 2500

(c) ₹ 3000

(d) ₹ 4500

26. यात्रा भत्ता नियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इन नियमों को अनुपूरक नियम कहा जाएगा

2. ये नियम केवल उन सरकारी कर्मचारियों पर लागू हैं, जो मूल नियम के अधीन हैं

3. ये नियम केवल उन सरकारी कर्मचारियों पर लागू हैं जिनका वेतन केंद्रीय राजस्व में नामे योग्य (डेबिटेबल) है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है /हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

27. सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की संस्तुति (सिफारिश) के कार्यान्वयन में यात्रा भत्ता नियम कब से लागू हुए ?

(a) 1 जनवरी, 2017

(b) 1 जुलाई, 2017

(c) 1 जनवरी, 2016

(d) 1 जुलाई, 2016

28. सरकारी कर्मचारी द्वारा दौरे पर स्थानीय यात्रा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नगरपालिका सीमा से बाहर 8 km तक की यात्रा को स्थानीय यात्रा माना जाएगा, जिसमें कार्य-स्थल स्थित है

2. मुख्यालय से बारह घंटे से अधिक अनुपस्थित रहने के लिए सरकारी कर्मचारी को 50% दैनिक भत्ता दिया जाएगा, भले ही स्थानीय यात्रा के लिए उसे नि:शुल्क वाहन उपलब्ध कराया गया हो

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है /हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

29. सरकारी कर्मचारी के यात्रा भत्ते/महंगाई भत्ते की पात्रता निम्नलिखित में से किस आधार पर निर्धारित की जाती है ?

(a) केवल मूल वेतन + प्रैक्टिसबंदी भत्ता (एन.पी.ए.)

(b) केवल मूल वेतन

(c) केवल मूल वेतन + विशेष वेतन

(d) मूल वेतन + प्रैक्टिसबंदी भत्ता (एन.पी.ए.) + विशेष वेतन

30. यात्रा भत्ता नियम के संदर्भ में "वास्तविक यात्रा व्यय" की परिभाषा में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल ***नहीं*** है ?

(a) अपने घरेलू नौकर के साथ किसी सरकारी कर्मचारी के परिवहन की वास्तविक लागत

(b) निजी सामान के परिवहन की वास्तविक लागत

(c) नौघाट (फेरी) और अन्य मार्ग-कर (टोल) का वास्तविक प्रभार

(d) होटल, क्रॉकरी की टूट-फूट, फर्नीचर की टूट-फूट जैसे प्रासंगिक हानि अथवा व्यय के लिए वास्तविक प्रभार

**25.** A monthly Conveyance Allowance admissible to a Government servant for average monthly travel of more than 800 km by own car on official duty is :

(a) ₹ 2000

(b) ₹ 2500

(c) ₹ 3000

(d) ₹ 4500

**26.** Consider the following statements regarding Travelling Allowances Rules :

1. These rules may be called the Supplementary Rules
2. They apply to those Government servants only, who are subject to the Fundamental Rules
3. These rules apply to those Government servants whose pay is debitable to Central Revenues

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**27.** Travelling Allowances Rules introduced in implementation of Seventh Central Pay Commission recommendations take effect from :

(a) $1^{st}$ January, 2017

(b) $1^{st}$ July, 2017

(c) $1^{st}$ January, 2016

(d) $1^{st}$ July, 2016

**28.** Consider the following statements regarding local journey on tour by a Government servant :

1. Local journey shall be construed to mean a journey within 8 km outside the municipal limit in which the duty point is located
2. A Government servant will be paid daily allowance at 50% for absence from Headquarters exceeding twelve hours even if the conveyance is provided free of charge for local journeys

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**29.** The TA/DA entitlements of a Government servant are determined based on :

(a) Basic Pay + Non-Practicing Allowance (NPA) only

(b) Basic Pay only

(c) Basic Pay + Special Pay only

(d) Basic Pay + NPA + Special Pay

**30.** Which one of the following is ***not*** included in the definition, "Actual travelling expenses", in the context of Travelling Allowances Rules ?

(a) Actual cost of transporting a Government servant with his domestic servants

(b) Actual cost of transporting personal luggage

(c) Actual charges for ferry and other tolls

(d) Actual charges for hotels, incidental losses or expenses such as the breakage of crockery, wear and tear of furniture

**31.** सरकारी कर्मचारी के दौरे पर अथवा प्रशिक्षण पर यात्रा के लिए रेलगाड़ियों के प्रथम श्रेणी के वातानुकूलित कोच में यात्रा करने की पात्रता निम्नलिखित में से किस वेतन-स्तर (पे लेवल) के अंतर्गत आती है ?

1. 14 और उससे ऊपर
2. 12 और 13
3. 6 से 11

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

**32.** यात्रा भत्ता नियमों के संदर्भ में, अनिवार्य परीक्षा में भाग लेने हेतु की गई यात्रा के लिए यात्रा भत्ता नामंजूर करने की पूर्ण शक्तियाँ निम्नलिखित में से किसके पास हैं, बशर्ते कि शक्ति का प्रयोग करने वाले प्राधिकारी का यह विचार हो कि अभ्यर्थी ने परीक्षा की तैयारी के कर्तव्य की आपराधिक उपेक्षा की है ?

(a) संबंधित मंत्री

(b) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

(c) विभागाध्यक्ष

(d) कार्यालयाध्यक्ष

**33.** सरकारी कर्मचारियों के भिन्न-भिन्न मामलों में प्रचालन संबंधी अथवा अन्य कारणों से अथवा अनुपलब्धता के कारण एअर इंडिया से भिन्न किसी एअरलाइन से दौरे पर हवाई यात्रा के लिए छूट देने की शक्ति निम्नलिखित में से किसके पास है ?

(a) सचिव, नागर विमानन मंत्रालय

(b) सचिव (व्यय), वित्त मंत्रालय

(c) संबंधित मंत्रालयों/विभागों के वित्तीय सलाहकार

(d) संबंधित मंत्रालय का प्रशासनिक सचिव

**34.** महंगाई भत्ता स्वीकृत करने के प्रयोजनार्थ दैनिक मजदूरी वाले कामगार के मासिक वेतन की गणना निम्नलिखित में से किस आधार पर की जाएगी ?

(a) उसकी मूल दैनिक मजदूरी का 20 गुणा

(b) उसकी मूल दैनिक मजदूरी का 22 गुणा

(c) उसकी मूल दैनिक मजदूरी का 26 गुणा

(d) उसकी मूल दैनिक मजदूरी का 28 गुणा

**35.** महंगाई भत्ते की स्वीकार्यता के संबंध में निम्नलिखित कथन (कथनों) में से कौन-सा/कौन-से सही है /हैं ?

1. असाधारण छुट्टी सहित छुट्टी की किसी भी अवधि के दौरान भत्ता आहरित किया जा सकेगा
2. अध्ययन छुट्टी के दौरान स्वीकृत छुट्टी वेतन के आधार पर ऐसी छुट्टी के दौरान भत्ता आहरित किया जा सकेगा
3. भारत से बाहर विशेष पदों पर तैनात अधिकारियों को भत्ता स्वीकार्य होगा, उदाहरणार्थ विदेश में कांसली पद

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 3

(d) 2 और 3

31. Entitlement to travel in AC-I class of rail accommodation for journeys on tour or training is for the Government servants falling in the pay levels :

1. 14 and above
2. 12 and 13
3. 6 to 11

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

32. In terms of Travelling Allowances Rules, full powers to disallow travelling allowance for a journey to attend an obligatory examination if the authority exercising the power considers that the candidate has culpably neglected the duty of preparing for it, are vested in :

(a) The Ministry concerned
(b) The DoPT
(c) The Head of Department
(d) The Head of Office

33. The powers to accord exemption for air travel on tour in airlines other than Air India in individual cases of Government servants because of operational or other reasons or on account of non-availability, are vested in :

(a) Secretary, Ministry of Civil Aviation
(b) Secretary (Expenditure), Ministry of Finance
(c) Financial Advisors of the Ministries/Department concerned
(d) Administrative Secretary of the Ministry concerned

34. For the purpose of grant of Dearness Allowance, the monthly pay of daily rated worker shall be reckoned at :

(a) 20 times of his basic daily wages
(b) 22 times of his basic daily wages
(c) 26 times of his basic daily wages
(d) 28 times of his basic daily wages

35. Which of the following statements regarding admissibility of Dearness Allowance is/are correct ?

1. The allowance may be drawn during any period of leave including extraordinary leave
2. The allowance may be drawn during study leave based on leave salary sanctioned during such leave
3. The allowance will be admissible to officers posted ex-India to special posts e.g. Consular posts abroad

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 3
(d) 2 and 3

36. निम्नलिखित में से किस शर्त के तहत किसी सरकारी कर्मचारी को मकान किराया भत्ता देय है ?

1. दिल्ली स्थित वर्किंग गर्ल्स हॉस्टल (कामकाजी महिला आवास) में रह रही महिला सरकारी कर्मचारी
2. सरकारी कर्मचारी द्वारा उसके अपने आवेदन पर बिन बारी आबंटित किए गए आवास लेने से इनकार करना, जब उसे उस श्रेणी से निम्नतर श्रेणी का आवास उपलब्ध किया गया है, जिसके लिए वह पात्र है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

37. सीमित समय के लिए स्वीकृत निश्चित वेतन दर वाले पद को क्या कहा जाता है ?

(a) सावधिक पद
(b) स्थायी पद
(c) परिवीक्षाधीन पद
(d) अस्थायी पद

38. भारत की समेकित निधि से सरकारी कर्मचारी को यदाकदा अथवा आंतरायिक (इंटरमिटेंट) स्वरूप के विशेष कार्य के लिए स्वीकृत किए गए आवर्ती अथवा अनावर्ती भुगतान को क्या कहा जाता है ?

(a) बोनस
(b) शुल्क (फीस)
(c) मानदेय
(d) विशेष भत्ता

39. निम्नलिखित में से कौन-सा भत्ता यात्रा भत्ता के रूप में वर्गीकृत ***नहीं*** किया जाता है ?

(a) परिवहन भत्ता
(b) मील भत्ता
(c) दैनिक भत्ता
(d) स्थायी यात्रा भत्ता

40. निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में, दौरे पर गए केन्द्र सरकार के कर्मचारी को दैनिक भत्ता देय है ?

(a) विराम (हॉल्ट) के दौरान रविवार और अवकाश होने पर
(b) एक दिन की आकस्मिक छुट्टी के दौरान
(c) कर्मचारी द्वारा ली गई प्रतिबंधित छुट्टी के दौरान
(d) रविवार, जो कैंप से अलग किसी अन्य स्थान पर व्यतीत किया गया था

41. जब किसी अस्थायी पद का सृजन किया जाता है जिसे संभवत: ऐसे व्यक्ति द्वारा भरा जाएगा जो पहले से सरकारी कर्मचारी है तो केंद्र सरकार द्वारा उसके वेतन का निर्धारण निम्नलिखित में से किसे ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए ?

(a) केवल सरकारी कर्मचारी का अनुभव
(b) निष्पादित किए जाने वाले कार्य का स्वरूप और जिम्मेदारी
(c) न्यूनतम वेतन, जो व्यक्ति की सेवाएँ सुरक्षित करने के लिए अनिवार्य है
(d) केवल उस पद से एक पद नीचे का मौजूदा वेतन

42. किसी भी सरकारी कर्मचारी को सामान्य परिस्थितियों में लगातार कितनी अवधि से अधिक किसी भी प्रकार की छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी ?

(a) 1 वर्ष
(b) 2 वर्ष
(c) 3 वर्ष
(d) 5 वर्ष

43. यदि सरकारी कर्मचारी को शास्ति के रूप में उसके समय-मान में निचले चरण (लोअर स्टेज) में अवनत किया जाता है तो, अवनति का आदेश देने वाला प्राधिकारी निम्नलिखित में से किसका उल्लेख करेगा ?

1. अवधि, जिसके लिए अवनति प्रभावी रहेगी
2. क्या पुनर्बहाली पर, अवनति की अवधि भावी वार्षिक वेतन-वृद्धि स्थगित करने के लिए प्रभावी होगी और यदि ऐसा है तो किस अवधि तक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**36.** In which of the following conditions is House Rent Allowance admissible to a Government servant ?

1. Female Government servants residing in Working Girls' Hostel, Delhi
2. Refusal by a Government servant of accommodation allotted out-of-turn on his own application when the accommodation provided is of a lower class than that for which he is eligible

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**37.** A post carrying a definite rate of pay sanctioned for a limited time is called :

(a) Tenure post
(b) Permanent post
(c) Probationary post
(d) Temporary post

**38.** A recurring or non-recurring payment granted to a Government servant from Consolidated Fund of India as remuneration for special work of an occasional or intermittent character is called :

(a) Bonus
(b) Fee
(c) Honorarium
(d) Special allowance

**39.** Which one of the following allowances is ***not*** categorized as travelling allowance ?

(a) Transport allowance
(b) Mileage allowance
(c) Daily allowance
(d) Permanent travelling allowance

**40.** In which one of the following situations is Daily Allowance admissible to a Central Government official on tour ?

(a) On a Sunday and holiday during halts
(b) During casual leave for a day
(c) During a restricted holiday availed by him
(d) On a Sunday that was spent away from the camp

**41.** When a temporary post is created which will probably be filled by a person who is already a Government servant, its pay should be fixed by the Central Government with due regard to :

(a) The experience of the Government servant alone
(b) The character and responsibility of the work to be performed
(c) The minimum that is necessary to secure the services of a person
(d) The existing pay of one level below that post only

**42.** No Government servant in normal circumstances shall be granted leave of any kind for a continuous period exceeding :

(a) 1 year
(b) 2 years
(c) 3 years
(d) 5 years

**43.** If a Government servant is reduced as a measure of penalty to a lower stage in his time scale, the authority ordering such reduction shall specify :

1. The period for which the reduction shall be effective
2. Whether on restoration, the period of reduction shall operate to postpone future increments, and if so, to what extent

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

44. यात्रा भत्ता बिल पर हस्ताक्षर अथवा प्रतिहस्ताक्षर करने से पहले नियंत्रण अधिकारी का निम्नलिखित में से क्या कर्तव्य है ?

1. की गई यात्रा की आवश्यकता, बारंबारता और अवधि का संवीक्षण (स्क्रुटिनाइज) करना
2. यात्रा भत्ता बिलों में दर्ज दूरी का संवीक्षण करना
3. अधिक अवधि के विराम (हॉल्ट) नामंजूर करना
4. बिना किसी प्रतिबंध के, दैनिक भत्ते को मील भत्ते में परिवर्तित करने की अनुमति देना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) 1, 2 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) 2, 3 और 4

45. विदेश में कार्यरत निम्नलिखित में से किन अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों को भारत सरकार के अधीन नियुक्ति के लिए उनका चयन होने पर भारत में अवरोहण पत्तन (डिसएम्बार्केशन पोर्ट) के लिए किफायती श्रेणी (इकनॉमी क्लास) का हवाई यात्रा व्यय दिया जाएगा ?

1. भारतीय चिकित्सा अधिकारी
2. भारतीय वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

46. जब आवास के लिए मानक लाइसेंस शुल्क (फीस) की गणना की जाती है तो, निम्नलिखित में से किस परिस्थिति के अधीन आवास के लाइसेंस शुल्क (फीस) में वृद्धि किए बिना लघु परिवर्धन-परिवर्तन किया जा सकता है ?

1. ऐसे परिवर्धन अथवा परिवर्तन की कुल लागत पूँजीगत लागत की अधिकतम 5% होगी जिस पर पिछली बार मानक लाइसेंस शुल्क की गणना की गई थी
2. ऐसे परिवर्धन और परिवर्तन, मानक लाइसेंस शुल्क की पिछली गणना के बाद पाँच वर्ष के भीतर किया जाएगा
3. ऐसे परिवर्धन अथवा परिवर्तन की कुल लागत पूँजीगत लागत की अधिकतम 15% होगी जिस पर पिछली बार मानक लाइसेंस शुल्क की गणना की गई थी
4. ऐसा परिवर्धन और परिवर्तन मानक लाइसेंस शुल्क की पिछली गणना के बाद पाँच वर्ष के बाद किया जाएगा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 1 और 4
(c) 2 और 3
(d) 3 और 4

44. Before signing or countersigning a travelling allowance bill, duty of a controlling officer is to:

1. Scrutinize the necessity, frequency and duration of journey performed
2. Scrutinize distances entered in the travelling allowance bills
3. Disallow a halt of excessive duration
4. Permit use of exchanging daily allowance for mileage allowance without restriction

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1, 2 and 4
(c) 1, 3 and 4
(d) 2, 3 and 4

45. Which of the following officials working abroad and members of their family may be allowed air passage by economy class, to the port of disembarkation in India on their selection for appointment under the Government of India ?

1. Indian Medical Officers
2. Indian Scientists and Technical Officers

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

46. When the standard license fee for a residence has been calculated, minor additions and alterations may be made without the license fee of the residence being increased, subject to which of the following conditions :

1. The total cost of such additions or alterations shall not exceed 5% of the capital cost on which the standard license fee was last calculated
2. Such additions and alterations shall be made within five years after the last calculation of the standard license fee
3. The total cost of such additions or alterations shall not exceed 15% of the capital cost on which the standard license fee was last calculated
4. Such additions and alterations shall be made after five years of the last calculation of the standard license fee

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 1 and 4
(c) 2 and 3
(d) 3 and 4

47. निम्नलिखित मे से किन विशेष परिस्थितियों में सरकारी कर्मचारी को असाधारण छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है ?

1. जब कोई अन्य छुट्टी स्वीकार्य नहीं है
2. जब कोई अन्य छुट्टी स्वीकार्य है, किंतु सरकारी कर्मचारी लिखित में असाधारण छुट्टी स्वीकृत करने के लिए आवेदन करता है
3. मान्यताप्राप्त आरोग्य-निवास (सैनेटोरियम) में फुफ्फुसी यक्ष्मा (पल्मनरि ट्यूबरकुलोसिस) के उपचार के लिए
4. किसी संस्थान में कैंसर अथवा मानसिक बीमारी के उपचार के लिए जो ऐसे रोगों के उपचार के लिए मान्यता प्राप्त हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

48. निम्नलिखित में से किन श्रेणियों के सरकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने से छूट दी गई है, सिवाय जहाँ सक्षम प्राधिकारी सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा अन्यथा निदेश न दें ?

1. अधिकतम तीन माह के लिए अस्थायी रिक्ति पर नियुक्त सरकारी कर्मचारी
2. सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद पुनर्नियोजित सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी
3. पिछली सेवा से त्याग-पत्र देने अथवा सेवा के समपहरण (फॉरफिचर) के बाद पुनर्नियोजित व्यक्ति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

49. संपदा निदेशालय अधिवर्षिता की तारीख से आठ माह पहले संबंधित विभाग को निम्नलिखित में से क्या सूचित करते हुए अग्रिम बेबाकी प्रमाण-पत्र जारी करेगा और उसकी प्रति संबंधित व्यक्ति को पृष्ठांकित करेगा ?

1. उस अवधि अर्थात अधिवर्षिता की तारीख से आठ माह पहले तक देय लाइसेंस शुल्क की राशि
2. शेष सेवा अर्थात आठ माह के लिए लाइसेंस शुल्क की मासिक वसूली की दर
3. सेवानिवृत्ति के बाद अनुमत बारह माह की प्रतिधारण (रिटेंशन) अवधि के लिए वसूली योग्य लाइसेंस शुल्क की राशि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

50. कोई सरकारी कर्मचारी, अधिशेष (सरप्लस) घोषित किए जाने पर विशेष स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के उपबंधों के अनुसरण में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का चयन करने पर किसका पात्र होगा ?

(a) प्रतिपूर्ति पेंशन

(b) अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन

(c) अधिवर्षिता पेंशन

(d) सेवानिवृत्ति पेंशन

51. जो अधिकारी केंद्र सरकार के किसी मंत्रालय, विभाग अथवा कार्यालय के लेखा रखता है, उसका पदनाम क्या है ?

(a) लेखा अधिकारी

(b) कार्यालयाध्यक्ष

(c) लेखापरीक्षा अधिकारी

(d) विभागाध्यक्ष

47. Extraordinary leave may be granted to a Government servant in which of the following special circumstances ?

1. When no other leave is admissible
2. When other leave is admissible, but the Government servant applies in writing for the grant of extraordinary leave
3. For treatment of Pulmonary Tuberculosis in recognized sanatorium
4. For treatment of cancer or for mental illness in an institution recognized for the treatment of such disease

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

48. Which of the following classes of Government servants are exempted from producing a medical certificate of health, except where a competent authority may by general or special order direct otherwise ?

1. A Government servant appointed in a temporary vacancy for a period not exceeding three months
2. A retired Government servant re-employed immediately after retirement
3. A person re-employed after resignation or forfeiture of past service

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

49. The Directorate of Estates would issue an Advance No Demand Certificate to the Department concerned with a copy endorsed to the individual concerned eight months before the date of superannuation informing :

1. The amount of license fee due up to that period i.e. eight months prior to the date of superannuation
2. The rate of monthly recovery of license fee for the rest of the service i.e. eight months
3. The amount of license fee recoverable for twelve months period of retention allowed after retirement

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

50. A Government servant who, on being declared surplus, opts for voluntary retirement in accordance with the provisions of Special Voluntary Retirement Scheme, is eligible for :

(a) Compensation Pension
(b) Compulsory retirement pension
(c) Superannuation pension
(d) Retiring pension

51. An Officer, who maintains the accounts of a Ministry, Department or Office of the Central Government is called :

(a) Accounts Officer
(b) Head of Office
(c) Audit Officer
(d) Head of Department

**52.** किस आधार पर पेंशन समपहृत हो जाती है ?

1. त्यागपत्र
2. निष्कासन
3. पदच्युति
4. अनिवार्य सेवानिवृत्ति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

**53.** केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 निम्नलिखित में से किन पर लागू ***नहीं*** होता है ?

1. दिनांक 1.1.2004 को या उसके बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारी
2. रेलवे कर्मचारी
3. 31.12.2003 से पहले रक्षा सेवाओं में नियुक्त सिविल सरकारी कर्मचारी
4. अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्य

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 3

(b) 1, 2 और 3

(c) 1, 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

**54.** पेंशन अथवा उपदान अथवा इन दोनों को रोकने (विथहोल्ड) के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा अंतिम आदेश पारित करने से पहले किस प्राधिकारी का परामर्श अपेक्षित होता है ?

(a) संबंधित मंत्रालय के सचिव

(b) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

(c) संबंधित विभागाध्यक्ष

(d) संघ लोक सेवा आयोग

**55.** कितने वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद किसी सरकारी कर्मचारी को लोक हित में सक्षम प्राधिकारी द्वारा सेवानिवृत्त किया जा सकता है ?

(a) 20 वर्ष

(b) 25 वर्ष

(c) 30 वर्ष

(d) 33 वर्ष

**56.** 90 वर्ष की आयु से 95 वर्ष की आयु के पेंशनरों को कितने परिमाण (क्वांटम) में अतिरिक्त पेंशन स्वीकार्य होती है ?

(a) मूल पेंशन का 15%

(b) मूल पेंशन का 20%

(c) मूल पेंशन का 40%

(d) मूल पेंशन का 50%

**57.** किसी सरकारी कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के बाद विभागीय कार्यवाही आरंभ करने के लिए किस प्राधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित होती है ?

(a) भारत के राष्ट्रपति

(b) संबंधित विभागाध्यक्ष

(c) सचिव, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

(d) संबंधित कार्यालयाध्यक्ष

52. The pension is liable to be forfeited on the grounds of :

1. Resignation
2. Removal
3. Dismissal
4. Compulsory retirement

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

53. Central Civil Services (Pension) Rules, 1972 do ***not*** apply to :

1. Government servant appointed on or after 1.1.2004
2. Railway servants
3. Civilian Government servants in the Defence Services appointed before 31.12.2003
4. Members of the All India Services

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 1, 2 and 4

(d) 1, 3 and 4

54. The authority whose consultation is required before any final orders are passed by the Competent Authority to withhold a pension or gratuity or both is :

(a) Secretary of Ministry concerned

(b) Department of Personnel and Training

(c) Head of the Department concerned

(d) Union Public Service Commission

55. The Competent Authority may retire a Government servant in public interest after the Government servant has completed the qualifying service of :

(a) 20 years

(b) 25 years

(c) 30 years

(d) 33 years

56. The quantum of additional pension admissible to the pensioners in the age of 90 years to less than 95 years is :

(a) 15% of basic pension

(b) 20% of basic pension

(c) 40% of basic pension

(d) 50% of basic pension

57. Sanction of which authority would be required to initiate Departmental Proceedings after a Government servant has retired ?

(a) The President of India

(b) The Head of the Department concerned

(c) Secretary, DOPT

(d) Head of the Office concerned

**58.** विविध सेवानिवृत्ति और मृत्यु लाभों की गणना के प्रयोजन से 'परिलब्धियाँ' अभिव्यक्ति में निम्नलिखित में से क्या शामिल है ?

(a) मूल वेतन

(b) विशेष वेतन

(c) वैयक्तिक वेतन

(d) प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता

**59.** केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के संदर्भ में केंद्र सरकार के खजाना नियम किसके भुगतान की प्रक्रिया के संबंध में लागू होंगे ?

1. उपदान
2. पेंशन
3. एक वर्ष से अधिक के लिए अनाहरित पेंशन
4. किसी मृत पेंशनर के संबंध में पेंशन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 3 और 4

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**60.** उपदान का भुगतान सामान्यत: कितनी किश्तों में देय है ?

(a) दो किश्तों में

(b) तीन किश्तों में

(c) चार किश्तों में

(d) एकमुश्त

**61.** निर्वाह-भत्ते से निम्नलिखित में से कौन-सी कटौती ***नहीं*** की जाएगी ?

(a) सी.जी.एच.एस. अंशदान

(b) केंद्र सरकार कर्मचारी सामूहिक बीमा योजना, 1980 के लिए अंशदान

(c) मकान किराया और संबद्ध प्रभार जैसे बिजली, पानी, फर्नीचर आदि

(d) सामान्य भविष्य निधि के लिए अंशदान

**62.** किसी निलंबनाधीन सरकारी कर्मचारी के मामले में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) सरकारी कर्मचारी को वाहन खरीदने के लिए अग्रिम स्वीकृत किया जा सकता है

(b) निलंबनाधीन सरकारी कर्मचारी, सरकारी कर्मचारी बना रहता है

(c) वह अनुशासनिक कार्यवाही में प्रतिरक्षा (डिफेंस) सहायक के रूप में कार्य कर सकता है

(d) वह संतान शिक्षा भत्ता प्राप्त करने का पात्र होगा

**63.** निम्नलिखित बड़ी शास्तियों में से सामान्यत: कौन-सी शास्ति भविष्य में सरकार के अधीन रोजगार के लिए निरर्हता है ?

(a) अनिवार्य सेवानिवृत्ति

(b) सेवा से पदच्युति

(c) सेवा से निष्कासन (हटाया जाना)

(d) पद के निचले समय-वेतन-मान पर अवनति

58. Which one of the following is included in the expression 'emoluments' for the purpose of calculating various retirement and death benefits ?

(a) Basic pay

(b) Special pay

(c) Personal pay

(d) Deputation (Duty) allowance

59. In the context of CCS (Pension) Rules, 1972, the Treasury Rules of the Central Government shall apply in regard to the procedure of payment of :

1. Gratuity
2. Pension
3. Pension undrawn for more than a year
4. Pension in respect of a deceased pensioner

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3 and 4 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

60. The payment of gratuity is ordinarily payable in :

(a) Two instalments

(b) Three instalments

(c) Four instalments

(d) Lumpsum

61. Which one of the following deductions should ***not*** be made from the subsistence allowance ?

(a) CGHS contribution

(b) Subscription to the Central Government Employees' Group Insurance Scheme, 1980

(c) House rent and allied charges i.e. electricity, water, furniture, etc.

(d) Subscription to General Provident Fund

62. Which one of the following is ***not*** correct in case of a Government servant under suspension ?

(a) An advance for the purchase of a conveyance can be granted to a Government servant

(b) A Government servant under suspension does not cease to be a Government servant

(c) He can function as defence assistant in disciplinary proceedings

(d) He will be eligible for grant of children's education allowance

63. Which one of the following major penalties is ordinarily a disqualification for future employment under the Government ?

(a) Compulsory retirement

(b) Dismissal from service

(c) Removal from service

(d) Reduction to a lower time-scale of post

**64.** केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1965 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सी एक शास्ति है ?

(a) सेवा नियमों अथवा आदेशों के अनुपालन में किसी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाने के लिए सरकारी कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोक देना

(b) किसी करार के अधीन नियुक्त सरकारी कर्मचारी की सेवा-समाप्ति

(c) अधिवर्षिता अथवा सेवानिवृत्ति संबंधित प्रावधानों के अनुपालन में सरकारी कर्मचारी की अनिवार्य सेवानिवृत्ति

(d) निंदा

**65.** निम्नलिखित में से किस नियम के अधीन लघु शास्ति का मामला प्रारंभ किया जाता है ?

(a) केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम का नियम 16

(b) केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम का नियम 16

(c) केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम का नियम 14

(d) केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम का नियम 3

**66.** केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1965 के अनुसार कुल कितनी लघु शास्तियाँ हैं ?

(a) तीन

(b) चार

(c) पाँच

(d) आठ

**67.** केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1965 के अधीन नियम 11 में विनिर्दिष्ट किसी शास्ति को अधिरोपित करने वाला प्राधिकारी कौन होगा ?

(a) कार्यालयाध्यक्ष

(b) अनुशासनिक प्राधिकारी

(c) विभागाध्यक्ष

(d) संबंधित मंत्रालय/विभाग के सचिव

**68.** केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1965 के अधीन किसी पद के वर्तमान कर्तव्य निष्पादित करने वाले अधिकारी निम्नलिखित में से कौन-सी शक्तियों का प्रयोग ***नहीं*** कर सकते ?

1. प्रशासनिक शक्तियाँ
2. वित्तीय शक्तियाँ
3. सांविधिक शक्तियाँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) केवल 3

(d) 2 और 3

**69.** केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1965 निम्नलिखित में से किस श्रेणी के व्यक्तियों पर लागू ***नहीं*** होता ?

1. विदेश मंत्रालय के अधीन विदेश स्थित मिशन में स्थानीय रूप से भर्ती किया गया स्टाफ
2. संचार मंत्रालय के अधीन विभागेतर अभिकर्ता (एक्स्ट्रा-डिपार्टमेंटल एजेंट)
3. पर्यटन मंत्रालय के अधीन विदेश स्थित पर्यटन कार्यालयों में स्थानीय रूप से भर्ती किया गया स्टाफ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**70.** किसी कर्मचारी के लिए छुट्टी स्वीकृतिदाता प्राधिकारी द्वारा किस दिन को अकार्य दिवस चिह्नित किया जा सकता है ?

1. यदि वह किसी दिन कुछ समय के लिए कार्य करता है और उचित अनुमति के बिना समय से पहले कार्यालय छोड़ कर चला जाता है
2. जब वह कार्यालय में ड्यूटी पर होते हुए भी उसे सौंपे गए कार्य को करने से इनकार करता है
3. यदि वह कार्यालय देर से आता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**64.** Which one of the following is a penalty in terms of CCS (CCA) Rules, 1965 ?

(a) Withholding of increment of a Government servant for his failure to pass any departmental examination in accordance with the rules or orders governing the service

(b) Termination of service of a Government servant employed under any agreement

(c) Compulsory retirement of a Government servant in accordance with the provisions relating to his superannuation or retirement

(d) Censure

**65.** Under which one of the following rules is a case for a minor penalty initiated ?

(a) Rule 16 of CCS (CCA) Rules

(b) Rule 16 of CCS (Conduct) Rules

(c) Rule 14 of CCS (CCA) Rules

(d) Rule 3 of CCS (Conduct) Rules

**66.** What is the total number of Minor Penalties as per the CCS (CCA) Rules, 1965 ?

(a) Three

(b) Four

(c) Five

(d) Eight

**67.** The authority competent under the CCS (CCA) Rules, 1965 to impose on a Government servant any of the penalties specified in Rule 11 is called :

(a) Head of the office

(b) Disciplinary Authority

(c) Head of the Department

(d) Secretary of Ministry/Department concerned

**68.** Under the CCS (CCA) Rules, 1965 which of the following types of powers ***cannot*** be exercised by officers performing current duties of a post ?

1. Administrative powers
2. Financial powers
3. Statutory powers

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 3 only

(d) 2 and 3

**69.** CCS (CCA) Rules, 1965 are ***not*** applicable to which of the following sets of persons ?

1. Locally recruited staff in Missions abroad under Ministry of External Affairs
2. Extra-Departmental agents under the Ministry of Communication
3. Locally recruited staff in Tourist offices abroad under the Ministry of Toursim

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**70.** A day can be marked as *dies non* by leave sanctioning authority for an official :

1. If he performs duty for a part of the day and leaves the office early without proper permission
2. When he refuses to perform duty assigned to him while he is on duty in office
3. When he comes late to the office

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

71. संघ लोक सेवा आयोग को भेजे जा रहे अनुशासनिक मामलों में किसी अपील के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अनुशासनिक प्राधिकारी की टिप्पणियों को भेजना अपेक्षित नहीं है

2. किसी अपील को अग्रेषित करते समय मामले के गुणागुण (मैरिट) पर कोई राय व्यक्त नहीं की जानी चाहिए

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

72. निरीक्षण के दौरान अपचारी अधिकारियों के द्वारा रिकार्डों/दस्तावेजों में किए जाने वाले हेर-फेर को रोकने के लिए जाँच अधिकारी द्वारा अपनाए जाने वाले उपायों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अभियुक्त अधिकारी को केवल किसी उत्तरदायी अधिकारी की उपस्थिति में ही रिकार्डों/दस्तावेजों आदि के निरीक्षण की अनुमति दी जानी चाहिए

2. जाँच प्रक्रिया के दौरान जाँच अधिकारी को जाँच कक्ष छोड़ कर नहीं जाना चाहिए और यदि उसे कुछ समय के लिए जाना ही हो तो उसे रिकार्डों/दस्तावेजों की सुरक्षित अभिरक्षा की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए

3. अभियुक्त अधिकारी को रिकार्डों/दस्तावेजों आदि के निरीक्षण की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2

(d) केवल 3

73. निम्नलिखित में से किसे हानि के रूप में श्रेणीबद्ध किया जा सकता है, जिसका कारण मूल्यह्रास ***नहीं*** है ?

(a) माल की सामान्य टूट-फूट

(b) बाजार कीमतों में सामान्य उतार-चढ़ाव

(c) क्रय विनियमन में दूरदर्शिता की कमी

(d) क्षति और उपेक्षा के कारण हानि

74. किसी संविदा में कीमत परिवर्तन खंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसका प्रावधान केवल दीर्घ-अवधि संविदाओं में ही किया जा सकता है, जहाँ सुपुर्दगी अवधि एक वर्ष से अधिक हो

2. जहाँ कीमत परिवर्तन खंड का प्रावधान किया जाता है, वहाँ स्वीकृत कीमत में आधार स्तर अर्थात माह और वर्ष, जिससे कीमत संबंधित हैं, विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

75. समस्त उपभोज्य माल और सामग्री का प्रत्यक्ष सत्यापन कम से कम एक बार कितनी अवधि में किया जाना चाहिए ?

(a) एक वर्ष

(b) दो वर्ष

(c) तीन वर्ष

(d) पाँच वर्ष

71. Consider the following statements regarding an appeal in disciplinary cases being referred to Union Public Service Commission :

1. Comments of the Disciplinary Authority are not required to be sent.
2. There should not be any expression of opinion on the merits of the case while forwarding an appeal.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

72. Consider the following statements regarding measures to be taken by the Inquiry Officer to prevent tampering of records/documents during inspection by the delinquent officials :

1. The accused officer should be allowed inspection of records/documents etc. only in the presence of a responsible officer
2. The Inquiry Officer should not leave the inquiry room during the course of inquiry and if at all he has to leave for some time, he should make appropriate arrangements for safe custody of documents/records
3. The accused officer should not be allowed inspection of records/documents etc.

Which of the statements given above is/are ***not*** correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2
(d) 3 only

73. Which one of the following can be categorized as losses ***not*** due to depreciation ?

(a) Normal wear and tear of goods
(b) Normal fluctuation of market prices
(c) Lack of foresight in regulating purchases
(d) Loss due to damage and neglect

74. Consider the following statements regarding Price Variation Clause in a contract :

1. It can be provided only in long-term contracts, where the delivery period extends beyond one year
2. Where a price variation clause is provided, the price agreed upon should specify the base level *viz*. the month and year to which the price is linked

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

75. A physical verification of all the consumable goods and materials should be undertaken at least once in :

(a) A year
(b) Two years
(c) Three years
(d) Five years

76. पर्सनल कंप्यूटर की खरीद के लिए स्वीकृत अग्रिम समान मासिक किश्तों में वसूल किया जाएगा, जो कितने किश्तों से अधिक *नहीं* होगा ?

(a) 50
(b) 100
(c) 125
(d) 150

77. सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों पर सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसरण में निम्नलिखित में से कौन-सा ब्याज मुक्त अग्रिम समाप्त कर दिया गया है ?

1. स्थानांतरण पर वेतन अग्रिम
2. छुट्टी वेतन अग्रिम
3. चिकित्सा उपचार के लिए अग्रिम
4. दौरा या स्थानांतरण पर यात्रा भत्ता के लिए अग्रिम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 3 और 4

78. भारत सरकार का वार्षिक लेखा, जिसमें संघ के प्रयोजन के लिए संबंधित शीर्षों के अंतर्गत वार्षिक प्राप्तियों और संवितरणों तथा शेष का विवरण दर्शाया जाता है, किसके द्वारा तैयार किया जाएगा ?

(a) लेखा महानियंत्रक
(b) मुख्य आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्रालय
(c) भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक
(d) भारतीय रिजर्व बैंक

79. विनियोजन की एक प्राथमिक यूनिट से दूसरी ऐसी यूनिट में निधि का अंतरण क्या कहलाता है ?

(a) आबंटन
(b) आशोधन
(c) विनियोजन
(d) पुनर्विनियोजन

80. कितने मूल्य तक का माल बिना दर-सूची (कोटेशन) के खरीदा जा सकता है ?

(a) ₹ 10,000
(b) ₹ 15,000
(c) ₹ 20,000
(d) ₹ 25,000

81. संघ और राज्यों के लेखाओं के स्वरूप (फॉर्म) के निर्धारण के लिए तथा उनसे संबंधित नियमों और नियम-पुस्तक के निर्माण या संशोधन के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से उत्तरदायी प्राधिकारी कौन है ?

(a) सचिव (व्यय), वित्त मंत्रालय
(b) भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक
(c) लेखा महानियंत्रक
(d) सचिव, आर्थिक कार्य विभाग

82. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से वित्तीय औचित्य के मानक का भाग *नहीं* है/हैं ?

1. प्रत्येक अधिकारी से यह आशा की जाती है कि वह लोक निधि से उपगत व्यय के संबंध में वही सतर्कता बरतेगा, जो कोई असाधारण व्यवहार कुशल व्यक्ति अपनी धनराशि को व्यय करने के संबंध में बरतता है
2. व्यय प्रथमदृष्टया उस अवसर की माँग से अधिक नहीं होना चाहिए
3. कोई भी प्राधिकारी ऐसा आदेश पारित करने के लिए व्यय स्वीकृत करने संबंधी शक्तियों का प्रयोग नहीं करेगा, जिससे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से उसका अपना लाभ हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2
(d) 1 और 3

76. The advance sanctioned for the purchase of a personal computer shall be recovered in equal monthly instalments ***not*** exceeding ;

(a) 50
(b) 100
(c) 125
(d) 150

77. In pursuance of the decision taken by the Government on the Seventh Pay Commission's recommendations, which of the following interest free advances stand discontinued ?

1. Advance of pay on transfer
2. Advance of leave salary
3. Advance for medical treatment
4. Advance for Travelling Allowance on tour or transfer

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 3 and 4

78. Annual accounts of the Government of India, showing under the respective Heads the annual receipts and disbursements and statement of balances for the purpose of the Union, shall be prepared by the :

(a) Controller General of Accounts
(b) Chief Economic Advisor, Ministry of Finance
(c) Comptroller and Auditor General of India
(d) Reserve Bank of India

79. Transfer of funds from one primary unit of appropriation to another such unit is called :

(a) Allotment
(b) Modification
(c) Appropriation
(d) Reappropriation

80. Goods can be purchased without quotations up to the value of :

(a) ₹ 10,000
(b) ₹ 15,000
(c) ₹ 20,000
(d) ₹ 25,000

81. The authority responsible for prescribing the form of accounts of the Union and States and also to frame, or revise rules and manuals relating thereto on behalf of the President of India is :

(a) Secretary (Expenditure), Ministry of Finance
(b) Comptroller and Auditor General of India
(c) The Controller General of Accounts
(d) Secretary, Department of Economic Affairs

82. Which of the following is/are ***not*** a part of the standards of financial propriety ?

1. Every officer is expected to exercise the same vigilance in respect of expenditure incurred from public money as a person of extraordinary prudence would exercise in respect of expenditure of his own money
2. the expenditure should not be prima facie more than the occasion demands
3. No authority should exercise its powers of sanctioning expenditure to pass an order which will be directly or indirectly to its own advantage

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2
(d) 1 and 3

83. भारत सरकार की वित्तीय शक्तियाँ, किसमें निहित होंगी जो किसी अधीनस्थ प्राधिकारी को प्रत्यायोजित *नहीं* की गई हैं ?

(a) नियंत्रक और महालेखा परीक्षक

(b) वित्त मंत्रालय

(c) लेखा महानियंत्रक

(d) विभागाध्यक्ष

84. निम्नलिखित में से कौन-सा सरकार के लेखाओं के उचित वर्गीकरण को दर्शाता है ?

(a) राजस्व, पूँजी और आकस्मिकता निधि

(b) लोक निधि, आरक्षित निधि और जमा

(c) समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा

(d) राजस्व, पूँजी और समेकित निधि

85. वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम, 1978 के संदर्भ में "प्रशासक" से क्या अभिप्राय है ?

(a) विभागाध्यक्ष

(b) कार्यालयाध्यक्ष

(c) संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक, चाहे उनका पदनाम कुछ भी क्यों न हो

(d) प्रशासनिक अधिकारी

86. वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम, 1978 कब से लागू हुआ ?

(a) 1 जनवरी, 1978

(b) 1 अप्रैल, 1978

(c) 1 जुलाई, 1978

(d) 1 अगस्त, 1978

87. अधिसंख्य पद के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(a) यह एक छाया (शैडो) पद है

(b) यह सदैव एक स्थायी पद है

(c) यह अन्य स्थायी पदों के समान अनिश्चित अवधि के लिए सृजित होता है

(d) जिस अधिकारी के लिए इसे सृजित किया गया है, यह उसके लिए वैयक्तिक पद है और इस पद पर किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति नहीं की जा सकती है

88. निर्माण कार्य से संबंधित योजनाओं से अलग योजनाओं पर व्यय के संबंध में प्रशासक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की शक्तियों की सीमा क्या है ?

(a) ₹ 3 लाख

(b) ₹ 10 लाख

(c) ₹ 15 लाख

(d) ₹ 25 लाख

89. आंतरिक वित्तीय सलाहकारों द्वारा कौन-सी कार्य मद/मदों पर कार्रवाई की जाती है ?

1. उन्हें वित्त मंत्रालय को भेजने से पहले बजट प्रस्तावों की व्यापक संवीक्षण (स्क्रुटिनाइज) करना
2. अनुदानों के लिए अनुपूरक माँगों के लिए प्रस्तावों की जाँच करना
3. अधीनस्थ प्राधिकारियों को शक्तियों के पुनःप्रत्यायोजन के लिए प्रस्तावों का संवीक्षण करना
4. लेखा-परीक्षा आपत्तियों के निपटान, निरीक्षण रिपोर्टों, लेखा-परीक्षा पैराओं के मसौदे आदि पर नजर रखना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

90. दो वर्ष से अधिक अवधि तक रिक्त रहे पदों को किसकी अनुमति (क्लियरेंस) के बाद ही पुनरुज्जीवित किया जा सकता है ?

(a) संबंधित मंत्रालय का प्रभारी मंत्री

(b) व्यय विभाग

(c) संबंधित मंत्रालय के सचिव

(d) संबंधित मंत्रालय के वित्तीय सलाहकार

83. The financial powers of the Government of India which have ***not*** been delegated to a subordinate authority, shall vest in :
(a) The Comptroller and Auditor General
(b) The Finance Ministry
(c) The Controller General of Accounts
(d) Head of the Department

84. Which one of the following represents the correct categorization of the accounts of the Government ?
(a) Revenue, Capital and Contingency Fund
(b) Public Fund, Reserve Fund and Deposits
(c) Consolidated Fund, Contingency Fund and Public Account
(d) Revenue, Capital and Consolidated Fund

85. In the context of Delegation of Financial Powers Rules, 1978, "Administrator" means :
(a) Head of the Department
(b) Head of Office
(c) Administrator of a Union Territory, by whatever name designated
(d) Administrative Officer

86. Delegation of Financial Powers Rules, 1978 came into force with effect from :
(a) 1st day of January, 1978
(b) 1st day of April, 1978
(c) 1st day of July, 1978
(d) 1st day of August, 1978

87. Which one of the following statements regarding Supernumerary post is ***not*** correct ?
(a) It is a shadow post
(b) It is always a permanent post
(c) It is created for an indefinite period as other permanent posts are
(d) It is personal to the officer for whom it is created and no other officer can be appointed against such a post

88. The powers of the Administrator, Andaman and Nicobar Islands in regard to expenditure on schemes other than those relating to works shall be :
(a) ₹ 3 Lakhs
(b) ₹ 10 Lakhs
(c) ₹ 15 Lakhs
(d) ₹ 25 Lakhs

89. Which of the following is/are the item(s) of work to be handled by Internal Financial Advisers ?
1. To scrutinize budget proposals thoroughly, before sending them to Ministry of Finance
2. To screen the proposals for supplementary demands for grants
3. To scrutinize proposals for re-delegation of powers to subordinate authorities
4. To watch the settlement of audit objections, Inspection Reports, draft audit paras etc.

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1, 3 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

90. Posts that have remained vacant for more than two years can be revived only after seeking clearance of :
(a) Minister in-charge of the Ministry concerned
(b) Department of Expenditure
(c) Secretary of the Ministry concerned
(d) Financial Advisor of the Ministry concerned

**91.** संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के स्तर के पदों के सृजन के लिए सक्षम प्राधिकारी कौन है ?

(a) मंत्रिमंडल

(b) वित्त मंत्री

(c) प्रभारी मंत्री

(d) मंत्रिमंडल सचिव

**92.** वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम, 1978 के अनुसार, किसी भी व्यय के लिए, जिसमें ऐसे नए सिद्धांत अथवा पद्धति का आरंभ अंतर्निहित है, जिससे भविष्य में व्यय में वृद्धि की संभावना है, किसकी पूर्व सहमति अपेक्षित है ?

(a) संबंधित वित्तीय सलाहकार

(b) लेखा महानियंत्रक

(c) संबंधित मंत्रालय के सचिव

(d) वित्त मंत्रालय

**93.** निम्नलिखित में से किस मंत्रालय/विभाग को अपने नियंत्रणाधीन निर्माण कार्य के लिए अपेक्षित भूमि के अधिग्रहण हेतु आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की सहमति लेने की आवश्यकता ***नहीं*** है ?

1. पर्यटन मंत्रालय
2. नागर विमानन मंत्रालय
3. संचार विभाग
4. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**94.** जब कार्यालयाध्यक्ष द्वारा किसी राजपत्रित अधिकारी को उसकी ओर से आकस्मिक और विविध व्यय करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है, तब प्राधिकृत किए गए उस राजपत्रित अधिकारी द्वारा किए गए व्यय की परिशुद्धता, नियमितता और औचित्य का उत्तरदायी कौन होगा ?

(a) प्राधिकृत किया गया राजपत्रित अधिकारी

(b) कार्यालयाध्यक्ष

(c) विभागाध्यक्ष

(d) प्राधिकृत किया गया राजपत्रित अधिकारी और कार्यालयाध्यक्ष दोनों

**95.** लेखापरीक्षा अधिकारी अथवा लेखा अधिकारी द्वारा या अन्यथा नामंजूर की गई किसी सरकारी कर्मचारी को किए गए अधिक भुगतान की राशि की वसूली के अधित्याग (वेव) की शक्ति प्राप्त प्राधिकारी को निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में वसूली के अधित्याग (वेव) की शक्ति होगी ?

1. संबंधित सरकारी कर्मचारी द्वारा इस यथोचित विश्वास के अंतर्गत नामंजूर की गई राशि प्राप्त की गई थी कि वह उसके लिए पात्र था
2. यदि वसूली से अनुचित कठिनाई होगी
3. यदि वसूली असंभव है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3

**96.** वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम (डी.एफ.पी.आर.), 1978 के अनुसरण में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) डी.एफ.पी.आर. के अधीन अराजपत्रित अधिकारी को शक्तियाँ प्रत्यायोजित की जा सकती हैं

(b) अधीनस्थ प्राधिकारी पूँजी व्यय के साथ-साथ अनुसूची II से VII में भी शामिल मामलों के संबंध में भी समान वित्तीय शक्तियों का प्रयोग कर सकते हैं, जैसा कि वे राजस्व व्यय के संबंध में उन शक्तियों का प्रयोग कर सकते हैं, जब तक कि विनिर्दिष्ट रूप से प्रतिबंधित न हो

(c) प्रशासन अपनी शक्तियाँ विभागाध्यक्ष को पुनःप्रत्यायोजित कर सकते हैं

(d) वर्तमान कर्तव्यभार निष्पादित करने वाले अधिकारी उस पद की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों का प्रयोग कर सकते हैं, किंतु सांविधिक शक्तियों का नहीं

**97.** सरकारी कर्मचारियों द्वारा अपनी सेवा संबंधी मामलों के लिए निर्धारित पत्र-व्यवहार माध्यम की उपेक्षा करते हुए अन्य प्राधिकारियों को सीधे अभ्यावेदन प्रस्तुत करना केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 के किस नियम का उल्लंघन है ?

(a) नियम 3 (1) (ii)

(b) नियम 3 (1) (iii)

(c) नियम 3 (1) (vi)

(d) नियम 3 (1) (ix)

91. The competent authority for creation of Joint Secretary and above level posts is :
(a) Cabinet
(b) Finance Minister
(c) Minister-in-charge
(d) Cabinet Secretary

92. As per Delegation of Financial Powers Rules, 1978, any expenditure which involves the introduction of new principle or practice likely to lead to increased expenditure in future shall require the previous consent of :
(a) The Financial Advisor concerned
(b) The Controller General of Accounts
(c) The Secretary of the Ministry concerned
(d) The Finance Ministry

93. Which of the following Ministries/ Departments do ***not*** need to seek previous consent of the Ministry of Housing and Urban Affairs to acquire land required for works under their control ?
1. Ministry of Tourism
2. Ministry of Civil Aviation
3. Department of Communication
4. Department of Science and Technology
Select the correct answer using the code given below :
(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

94. When a Gazetted Officer is authorized by a Head of Office to incur contingent and miscellaneous expenditure on his behalf, the responsibility for the correctness, regularity and propriety of the expenditure incurred by the Gazetted Officer so authorized shall rest with :
(a) The Gazetted Officer so authorized
(b) The Head of Office
(c) The Head of Department
(d) Both on the Gazetted Officer so authorized and the Head of Office

95. In which of the following conditions, the authorities vested with the powers to waive the recovery of an amount disallowed by an Audit Officer or the Accounts Officer or otherwise found to have been overpaid to a Government servant, shall have the powers to waive recovery ?
1. The amount disallowed has been drawn by the Government servant concerned under reasonable belief that he was entitled to it
2. If the recovery will cause undue hardship
3. If the recovery is impossible
Select the correct answer using the code given below :
(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 3 only

96. As per Delegation of Financial Powers Rules (DFPR), 1978, which one of the following is ***not*** correct ?
(a) Powers may be delegated under DFPR to non-Gazetted Officer
(b) Subordinate authorities can exercise same financial powers in respect of capital expenditure also on matters covered by Schedule II to VII as they can exercise in respect of revenue expenditure unless specifically restricted
(c) Administrators may redelegate their powers to Heads of Departments
(d) Officer performing current duties can exercise administrative and financial powers of the post but not statutory powers

97. Submission of representations by Government servants for their service matters directly to other authorities by-passing the prescribed channel of communication is in violation of which one of the following CCS (Conduct) Rules, 1964 ?
(a) Rule 3 (1) (ii)
(b) Rule 3 (1) (iii)
(c) Rule 3 (1) (vi)
(d) Rule 3 (1) (ix)

98. विवाह/वर्षगांठ जैसे अवसरों पर समूह 'क' (ग्रुप 'ए') पदधारक सरकारी कर्मचारी अपने निकट संबंधियों से उपहार प्राप्त कर सकता है, जिनसे उसका कोई सरकारी व्यवहार न हो, किंतु उक्त उपहार का मूल्य कितनी राशि से अधिक होने पर उसे सरकार को सूचित करना होगा ?

(a) ₹ 15,000

(b) ₹ 25,000

(c) ₹ 50,000

(d) ₹ 75,000

99. निम्नलिखित किस तंत्र के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जाँच के लिए गठित शिकायत समिति पर वरिष्ठ स्तरों से अनुचित दबाव या प्रभाव की रोकथाम की जाती है ?

(a) उस समिति का अध्यक्ष, कोई महिला होगी

(b) इसके कम से कम अर्धसंख्यक सदस्य महिला होंगी

(c) शिकायत समिति में तीसरे पक्ष को शामिल किया जाएगा, जो या तो गैर-सरकारी संगठन अथवा यौन उत्पीड़न के मामलों का जानकर अन्य निकाय होगा

(d) शिकायत समिति की कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई जाएगी

100. किसी सरकारी कर्मचारी की ओर से निम्नलिखित कौन-सी गतिविधि केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 का उल्लंघन करती है ?

1. विहित प्राधिकारी की पूर्व जानकारी के बिना अचल संपत्ति संबंधी लेन-देन
2. अपना फ्लैट किराये पर देने के लिए 'पगड़ी' लेना
3. ₹ 5,000 मूल्य के डाक प्रमाण-पत्रों की खरीद के संबंध में सरकार को सूचित न करना
4. वार्षिक संपत्ति विवरण जमा न करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

101. निम्नलिखित मे से किस कृत्य के लिए संसदीय समिति के समक्ष प्रस्तुत होने वाले साक्षी पर विशेषाधिकार भंग और संसद की अवमानना नियत होता है ?

1. प्रश्नों के उत्तर देने से इनकार करना
2. टाल-मटोल करना अथवा जानबूझकर सच्चाई छिपाना अथवा समिति को भ्रमित करना
3. जाँच से संबंधित किसी महत्त्वपूर्ण दस्तावेज को नष्ट करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

98. On occasions such as weddings/anniversaries, a Government servant holding any Group 'A' post may accept gifts from his near relatives having no official dealings with him, but shall make a report to the Government, if the value of such gift exceeds rupees :

(a) ₹ 15,000

(b) ₹ 25,000

(c) ₹ 50,000

(d) ₹ 75,000

99. Through which one of the following mechanisms will it be ensured that undue pressure or influence from senior levels on the Complaints Committee constituted to enquire into the complaints of sexual harassment of working women is prevented ?

(a) The Committee should be headed by a woman

(b) Not less than half of its members should be women

(c) Such Complaints Committee should involve a third party, either NGO or other body familiar with the issue of sexual harassment

(d) The proceeding of the Complaints Committee should be videographed

100. Which of the following activities on the part of a Government servant constitute violation of CCS (Conduct) Rules, 1964 ?

1. Transactions in immovable property without prior knowledge of the prescribed authority
2. Charging 'Pugri' for renting his/her flat
3. Not reporting to Government about purchase of Postal certificates worth ₹ 5,000
4. Non-submission of Annual Property Return

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2, 3 and 4

(c) 1, 2 and 4

(d) 1, 3 and 4

101. Which of the following shall constitute breach of privilege and contempt of Parliament for a witness appearing before the Committees of Parliament ?

1. Refusal to answer questions
2. Prevarication or wilfully suppressing the truth or misleading the Committee
3. Destroying a material document relating to the enquiry

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**102.** किसी सेवा अथवा पद पर पहली नियुक्ति पर किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली अपनी परिसंपत्ति तथा देयता संबंधी विवरणी में निम्नलिखित में से क्या शामिल करना अपेक्षित है ?

1. आभूषण, शेयर, प्रतिभूति और डिबेंचर
2. वस्त्र, बर्तन और पुस्तकें
3. रेफ्रिजरेटर, टेलीविजन सेट

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**103.** केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 के संदर्भ में "हड़ताल" का क्या अर्थ है ?

1. बिना अनुमति के सामूहिक रूप से कार्य से प्रविरत रहना
2. जहाँ लोक हित में समयोपरि कार्य आवश्यक है, वहाँ समयोपरि कार्य करने से इनकार करना
3. 'धीरे काम-हड़ताल', 'हाजिर-हड़ताल', 'सांकेतिक-हड़ताल' जैसी पद्धति अपनाना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**104.** केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 के संदर्भ में "परिवार के सदस्य" में निम्नलिखित में से कौन शामिल ***नहीं*** हैं ?

1. यथास्थिति, पत्नी अथवा पति
2. न्यायिक रूप से पृथक हुई पत्नी अथवा पति
3. सरकारी कर्मचारी पर अनाश्रित संतान
4. सरकारी कर्मचारी पर पूर्णत: आश्रित सौतेला पुत्र

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**105.** सरकारी कर्मचारियों के निम्नलिखित प्रकार के अभ्यावेदनों पर विचार कीजिए :

1. वेतन/भत्ते अथवा अन्य देय राशियों का भुगतान न किए जाने से संबंधित अभ्यावेदन/शिकायतें
2. आसन्न उच्च प्राधिकारी के आदेशों के विरोध में अभ्यावेदन
3. सांविधिक नियमों और आदेशों के अधीन अपील और याचिका
4. पति या पत्नी (स्पाउस) द्वारा उत्पीड़न के विरुद्ध अभ्यावेदन

उपर्युक्त में से कौन-सी मदें सरकारी कर्मचारियों के सेवा मामलों पर अभ्यावेदन के रूप में वर्गीकृत की जा सकती हैं ?

(a) 1, 2 और 4

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**102.** Which of the following are required to be included in the return of his assets and liabilities to be submitted by a Government servant on his first appointment to any service or post ?

1. Jewellery, shares, securities and debentures
2. Clothes, utensils and books
3. Refrigerators and television sets

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**103.** In the context of CCS (Conduct) Rules, 1964, "strike" means :

1. Mass abstention from work without permission
2. Refusal to work overtime where such overtime is nescssary in the public interest
3. Practices like 'go-slow', 'sit-down', 'token' strike

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**104.** In the context of the CCS (Conduct) Rules, 1964, "Members of family" does ***not*** include :

1. Wife or husband, as the case may be
2. Judicially separated wife or husband
3. Child not dependent on the Government servant
4. Stepson of the Government servant wholly dependent of him

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4 only

(b) 2 and 3 only

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**105.** Consider the following types of representations from the Government servants :

1. Representations/complaints regarding non-payment of salary/allowances or other dues
2. Representations against the orders of the immediate superior authority
3. Appeals and petitions under statutory rules and orders
4. Representations against harassment by spouse

Which of the above can be classified as representations on services matters of Government servants ?

(a) 1, 2 and 4

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

106. केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 के अनुसार किसी सरकारी कर्मचारी की ओर से निम्नलिखित में से कौन-सा कदाचार की कोटि में आता है ?

1. जानबूझकर अनधीनता (इनसबऑर्डिनेशन) अथवा अवज्ञा
2. आदतन विलंब-उपस्थिति
3. बिना अनुमति आदतन अनुपस्थिति
4. अधिष्ठान (एस्टाब्लिशमेंट) में कार्य-समय के दौरान अनुशासनहीन व्यवहार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

107. केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 के अनुसार प्रत्येक सरकारी कर्मचारी हमेशा निम्नलिखित में से क्या करेगा ?

1. विवाह की आयु, पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव और सांस्कृतिक धरोहर की संरक्षा संबंधी सरकार की नीतियों के अनुसार कार्य करेगा
2. महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम के संबंध में सरकार की नीतियों का अनुपालन करेगा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

108. केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 के अनुसार सरकारी कर्मचारी संसद सदस्यों और राज्य विधान-मंडलों के सदस्यों से परस्पर-व्यवहार के दौरान किन बातों का ध्यान रखेंगे ?

1. शिष्टाचार दर्शाएंगे और सम्मान देंगे
2. संसद सदस्य और विधान-मंडल के सदस्य जो कहना चाहते हैं, उसे धैर्य से सुनेंगे
3. सतर्क रहेंगे और ध्यान रखेंगे और ऐसे सदस्य के मिलने आने पर खड़े होकर स्वागत करेंगे और उनके जाते समय खड़े होकर विदा करेंगे
4. व्यक्तिगत मामले पर समर्थन के लिए संसद सदस्यों और विधान-मंडल के सदस्यों से अनुरोध नहीं करेंगे

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 3 और 4
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

109. निम्नलिखित में से किस प्रकार की छुट्टी अर्जित छुट्टी के साथ जोड़ी ***नहीं*** जा सकती ?

(a) परिवर्तित छुट्टी
(b) प्रसूति छुट्टी
(c) आकस्मिक छुट्टी
(d) पितृत्व छुट्टी

110. भारत में नियुक्त किसी सरकारी कर्मचारी को एक बार में अधिकतम कितने दिन की अर्जित छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है ?

(a) 120 दिन
(b) 180 दिन
(c) 250 दिन
(d) 300 दिन

**106.** Which of the following amounts to misconduct on the part of a Government servant as per the CCS (Conduct) Rules, 1964 ?

1. Wilful insubordination or disobedience
2. Habitual late attendance
3. Habitual absence without permission
4. Disorderly behaviour during working hours at the establishment

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**107.** As per the CCS (Conduct) Rules, 1964, every Government servant shall, at all times :

1. Act in accordance with the Government's policies regarding age of marriage, preservation of environment, protection of wildlife and cultural heritage
2. Observe the Government's policies regarding prevention of crime against women

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**108.** As per CCS (Conduct) Rules, 1964, the Government servants while interacting with the Members of Parliament and State Legislatures should :

1. Show courtesy and consideration
2. Listen patiently to what MPs and MLAs, may have to say
3. Be meticulously correct and consider and rise to receive and see off a Member visiting him
4. Not approach MPs/MLAs for sponsoring his individual case

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 3 and 4 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**109.** Which one of the following types of leave ***cannot*** be combined with Earned Leave ?

(a) Commuted leave

(b) Maternity leave

(c) Casual leave

(d) Paternity leave

**110.** The maximum earned leave that may be granted at a time to a Government servant employed in India shall be :

(a) 120 days

(b) 180 days

(c) 250 days

(d) 300 days

111. किसी महिला सरकारी कर्मचारी, जिसकी दो से कम जीवित संतान हों, एक वर्ष से कम आयु के शिशु के वैध दत्तक-ग्रहण पर उसे कितनी अवधि की शिशु दत्तक-ग्रहण छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है ?

(a) 45 दिन

(b) 60 दिन

(c) 120 दिन

(d) 180 दिन

112. राष्ट्रीय महत्त्व की खेल-कूद गतिविधियों में भाग लेने के लिए सरकारी कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है, जो किस अवधि से अधिक ***नहीं*** होगी ?

(a) किसी एक कैलेंडर वर्ष में 15 दिन

(b) किसी एक कैलेंडर वर्ष में 20 दिन

(c) किसी एक कैलेंडर वर्ष में 30 दिन

(d) किसी एक कैलेंडर वर्ष में 60 दिन

113. एक वर्ष से अधिक और अधिकतम 5 वर्ष की संविदा आधार पर नियुक्तियों के मामले में, केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 के अधीन, किसी अस्थायी सरकारी कर्मचारी को यथा-स्वीकार्य असाधारण छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है बशर्ते पूरी संविदा अवधि के दौरान कुल असाधारण छुट्टी कितने दिन से अधिक ***नहीं*** होगी ?

(a) 60 दिन

(b) 90 दिन

(c) 120 दिन

(d) 180 दिन

114. केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 की व्याख्या करने में किसी प्रकार का संशय होने पर मामले को किसे भेजा जाएगा ?

(a) भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक

(b) गृह मंत्रालय

(c) कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(d) वित्त मंत्रालय

115. निम्नलिखित में से किस मामले में कोई सरकारी कर्मचारी किसी छुट्टी वेतन का पात्र ***नहीं*** होगा ?

(a) सरकारी कर्मचारी के अर्धवेतन छुट्टी पर होने के कारण

(b) सरकारी कर्मचारी के अर्जन-शोध्य छुट्टी पर होने के कारण

(c) सरकारी कर्मचारी के परिवर्तित छुट्टी पर होने के कारण

(d) सरकारी कर्मचारी के असाधारण छुट्टी पर होने के कारण

116. शिशु देखभाल छुट्टी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य सही ***नहीं*** है ?

(a) यह किसी भी प्रकार की छुट्टी के साथ जोड़ी जा सकती है

(b) इसे छुट्टी लेखा से घटाया जाएगा

(c) यह एक बार में पाँच दिन से कम अवधि के लिए स्वीकृत नहीं की जा सकती है

(d) यह एकल महिला सरकारी कर्मचारी के मामले में एक कैलेंडर वर्ष में छह से अधिक बार स्वीकृत नहीं की जाएगी

**111.** A female Government servant with fewer than two surviving children, on valid adoption of a child below the age of one year may be granted child adoption leave for a period of :

(a) 45 days

(b) 60 days

(c) 120 days

(d) 180 days

**112.** Special Casual Leave may be granted to Central Government servants for participation in sports events of national importance, for a period ***not*** exceeding :

(a) 15 days in any one calendar year

(b) 20 days in any one calendar year

(c) 30 days in any one calendar year

(d) 60 days in any one calendar year

**113.** In the case of contract appointments for more than one year but not more than 5 years, extraordinary leave as admissible to a temporary Government servant under the CCS (Leave) Rules, 1972, may be granted subject to the condition that the total extraordinary leave sanctioned during the entire contract period shall ***not*** exceed :

(a) 60 days

(b) 90 days

(c) 120 days

(d) 180 days

**114.** Where any doubt arises as to the interpretation of CCS (Leave) Rules, 1972, it shall be referred to :

(a) The Comptroller and Auditor General of India

(b) The Ministry of Home Affairs

(c) The Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions

(d) The Ministry of Finance

**115.** In which one of the following cases, a Government servant is ***not*** entitled to any leave salary ?

(a) A Government servant on half pay leave

(b) A Government servant on leave not due

(c) A Government servant on commuted leave

(d) A Government servant on extraordinary leave

**116.** Which one of the following is ***not*** correct in the context of Child care leave ?

(a) It may be combined with leave of any other kind

(b) It shall be debited against the leave account

(c) It may not be granted for a period less than five days at a time

(d) It shall not be granted for more than six spells in a calendar year in the case of a single female Government servant

117. केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा अधिकारियों को छोड़कर, सामान्यत: किसी भी सरकारी कर्मचारी को एक बार में अधिकतम कितने दिन की अध्ययन छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है ?

(a) बारह माह

(b) किन्हीं अन्य नियमों के अधीन स्वीकृत अध्ययन संबंधी इसी प्रकार की छुट्टी सहित चौबीस माह

(c) किन्हीं अन्य नियमों के अधीन स्वीकृत अध्ययन संबंधी इसी प्रकार की छुट्टी के अतिरिक्त चौबीस माह

(d) छत्तीस माह

118. परिवर्तित छुट्टी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जब परिवर्तित छुट्टी स्वीकृत की जाती है, तब देय अर्धवेतन छुट्टी खाते से उस छुट्टी की दोगुनी छुट्टियाँ घटाई जाएँगी

2. प्रसूति छुट्टी के क्रम में परिवर्तित छुट्टी लेने के लिए चिकित्सा प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा

3. महिला सरकारी कर्मचारियों को किसी शिशु के दत्तक-ग्रहण पर बिना चिकित्सा प्रमाण-पत्र के 60 दिन तक ही परिवर्तित छुट्टी भी स्वीकृत की जा सकती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

119. अस्थायी प्रास्थिति (स्टेटस) वाले अनियत मजदूर की छुट्टी पात्रता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. छुट्टी पात्रता प्रत्येक 10 कार्य दिवसों के लिए एक दिन की दर से यथानुपात आधार पर होगी

2. आकस्मिक और किसी अन्य प्रकार की छुट्टी भी स्वीकार्य होगी

3. उनके नियमितीकरण पर उन्हें उनके खाते में जमा छुट्टी को आगे ले जाने (कैरी फॉरवर्ड) की अनुमति होगी

4. किसी भी कारण से सेवा की समाप्ति पर वे छुट्टी नकदीकरण संबंधी लाभ के पात्र होंगे

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) 1, 2 और 3

(c) 1, 2 और 4

(d) 3 और 4

120. शिशु दत्तक-ग्रहण के लिए पितृत्व छुट्टी की स्वीकृति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) वैध दत्तक-ग्रहण की तारीख से 12 माह के अंदर 15 दिन की अवधि के लिए पितृत्व छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है

(b) पितृत्व छुट्टी अन्य किसी भी प्रकार की छुट्टी के साथ जोड़ी जा सकती है

(c) पितृत्व छुट्टी को छुट्टी खाते से घटाया नहीं जाएगा

(d) 15 दिन की पितृत्व छुट्टी के दौरान सरकारी कर्मचारी को वही छुट्टी वेतन दिया जाएगा, जो उसके छुट्टी पर जाने से तुरंत पहले आहरित वेतन के बराबर होगा

117. The maximum amount of study leave, which may ordinarily be granted at any one time to a Government servant, other than the Central Health Service Officers shall be :

(a) Twelve months

(b) Twenty-four months inclusive of similar kind of leave for study granted under any other rules

(c) Twenty-four months exclusive of similar kind of leave for study granted under any other rules

(d) Thirty-six months

118. Consider the following statements regarding Commuted leave :

1. When commuted leave is granted, twice the amount of such leave shall be debited against the half pay leave due

2. Medical certificate shall be necessary for commuted in continuation of maternity leave

3. Commuted leave up to 60 days may also be granted without medical certificate to female Government servants on adoption of a child

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

119. Consider the following statements regarding the Leave Entitlement of Temporary Status Casual Laborers :

1. Leave entitlement will be on a pro rata basis at the rate of one day for every 10 days of work

2. Casual and any other kind of leave will also be admissible

3. They will be allowed to carry forward the leave at their credit on their regularization

4. They will be entitled to the benefits of encashment of leave on termination of service for any reason

Which of statements given above are correct ?

(a) 1 and 3 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 1, 2 and 4

(d) 3 and 4

120. Which one of the following statements regarding grant of Paternity Leave for Child Adoption is ***not*** correct ?

(a) Paternity leave may be granted for a period of 15 days within twelve months from the date of valid adoption

(b) Paternity leave may be combined with leave of any other kind

(c) Paternity leave shall not be debited against the leave account

(d) During the paternity leave of 15 days, the Government servant shall be paid leave salary equal to the pay drawn immediately before proceeding on leave

# कच्चे काम के लिए जगह
# SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

**_DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO_**

**T.B.C. : NHYU-B-FKI**

**Test Booklet Series**

**A**

# TEST BOOKLET

## Paper II

**(Procedure and Practice, Categories I, IV, VIII and IX)**

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 150***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES ***NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.**
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**_DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO_**

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है ।